तार का पता: ''मिनीस्टील''

Telegraphic Address : "MINISTEEL"

सं 19018/1/2013 सा. प्रशा.
No.

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
इस्पात मंत्रालय
MINISTRY OF STEEL
उद्योग भवन
UDYOG BHAWAN
नई दिल्ली-110107
New Delhi-110107

दिनांक 5 March, 2013

सेवा में,

सलंग्न सूची के अनुसार

विषय :- **इस्पात मंत्रालय में 20 लीटर के मिनरल वॉटर के जार की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करने के संबंध में ।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी का उपर्युक्त विषय पर यह कहने का निदेश हुआ है कि इस्पात मंत्रालय में 20 लीटर के मिनरल वॉटर के जार (Kinley/Bislery) की आपूर्ति के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करने का निदेश हुआ हैं । अगर आपकी फर्म इस कार्य के निष्पादन की इच्छुक है तो अपनी **निविदा मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 20 March, 2013 तक प्रात: 11.00 बजे तक भेजी जा सकती हैं । प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अर्थात दिनांक 20 March, 2013 को प्रात: 11.30 बजे आवेदक फर्मों के इच्छुक उपस्थित प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा । निविदा के साथ रुपए 5000/- का डिमांड ड्राफट जो Pay and Accounts Officer, Ministry of Steel के नाम देय हो सलंग्न करना आवश्यक हैं ।** अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा । निविदा के letter head पर अपनें PAN तथा TIN नंबर का उल्लेख अवश्य करें । अनुबंध की शर्तें निम्नलिखित हैं:-

1 मिनरल वॉटर के जार की आपूर्ति मंत्रालय में संबंधित अधिकारी द्वारा आपूर्ति किए जाने के आदेश के एक घंटे की समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराया जाए ।

2 अनुबंध अभी सिर्फ एक वर्ष के लिए मान्य होगा लेकिन मिनरल वॉटर के जार की आपूर्ति संतोषजनक हुई तो अनुबंध दो वर्ष के लिए बढाया जा सकता है।

2. इस्पात मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित हैं ।

भवदीय

हरीश कुमार

(हरीश कुमार वधवा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष 23061243